संस्कृति | कार्यक्रम में दिया गया नशामुक्ति का संदेश, रादुविवि के अंग्रेजी विभाग में सांस्कृतिक दिवस, विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति को मंच पर उतारा

रंग-बिरंगे परिधानों में दिखा एकजुट भारत



नवभारत,जबलपुर। कभी पंजाब की संस्कृति झलक, कभी दक्षिण भारत की परंपराएं नजर आईं और कभी लोक रंगों ने माहौल में उत्साह भर दिया। मौका था रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में बुधवार को आयोजित सांस्कृतिक दिवस का। इसमें विद्यार्थियों ने भारत की विविध संस्कृतियों को मंच पर उतारकर 'विविधता में एकता' की तस्वीर पेश की। रंग-बिरंगी वेशभूषाओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच कार्यक्रम के अंत में जब नशामुक्त भारत का संदेश गूंजा तो आयोजन सांस्कृतिक उत्सव के साथ सामाजिक सरोकार का मंच भी बन गया।

कार्यक्रम कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन, प्रो. राकेश बाजपेयी के नेतृत्व तथा प्रभारी कुलसचिव प्रो. एस.एस. संधू के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. देवीलता रावत ने विद्यार्थियों को लगातार प्रोत्साहित किया। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने आयोजन की तैयारियों से लेकर प्रस्तुतियों तक में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक विविधता को सामने लाते हुए 'विविधता में एकता' का संदेश देना रहा। विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति, पहनावे और परंपराओं को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से यह संदेश दिया कि भाषा, वेशभूषा और परंपराओं में भिन्नता के बावजूद भारतीयता सभी को एक सूत्र में जोड़ती है। कार्यक्रम में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना भी प्रमुखता से दिखाई दी।

मंच पर दिखी भारत की सांस्कृतिक झलक

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान विद्यार्थियों का आत्मविश्वास देखते ही बना। पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक पहचान को मंच पर उतारा। प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति की विविधता के साथ उसके आपसी जुड़ाव को भी रेखांकित किया गया। दर्शकों ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया और प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का मंच भी बना। आयोजन के दौरान मौजूद विशिष्ट अतिथि प्रो. विवके मिश्रा, प्रो. धीरेन्द्र पाठक ने कहा कि कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं को नजदीक से समझने तथा उन्हें अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम से सामने रखने का अवसर दिया।

समापन पर गूंजा नशा मुक्त भारत का संदेश

कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यार्थियों ने 'नशामुक्त भारत' का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए डॉ. हरलीन कौर रूपराह ने कहा कि अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक दिवस में भारतीय संस्कृति के रंगों के साथ सामाजिक सरोकार का संदेश भी दिया गया। संचालन छात्रा गाथा जैन, निधि दाहिया ने किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की पूर्णिमा पटेल अनामिका बरसैंया, अरसला लारेब खान सहित अन्य विभागों के शिक्षकों, विद्यार्थियों की मौजूदगी रही।

पोस्टर निर्माण कर दिया वन्य जीव संरक्षण का संदेश

श्रीराम महाविद्यालय माढ़ोताल में विद्यार्थियों ने कला का किया प्रदर्शन



नवभारत,जबलपुर। श्रीराम महाविद्यालय, माढ़ोताल, जबलपुर में वन्य जीव सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को विद्यार्थियों में वन्य जीवों एवं जैव विविधता के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोस्टर निर्माण, स्टोन मेकिंग, वन्य जीव फोटोग्राफी एवं मेहंदी पतियोगिता आयोजित की गई, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भरत सोलंकी के संक्षिप्त उद्बोधन से हुआ। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता कौशल एवं वन्य जीवों के प्रति जागरूकता का सुंदर प्रदर्शन किया। पोस्टर निर्माण के माध्यम से विद्यार्थियों ने वन्य जीव संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के संदेश प्रस्तुत किए, वहीं स्टोन मेकिंग एवं मेहंदी प्रतियोगिता में प्रकृति और वन्य जीवों से संबंधित आकर्षक कलाकृतियाँ बनाई गई। इसके साथ ही वन्य जीव फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वन्य जीवों एवं प्राकृतिक परिवेश से जुड़े दृश्यों को अपने कैमरे में कैद कर अपनी फोटोग्राफी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इनको मिले पुरूस्कार

प्रतियोगिताओं के बाद विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पोस्टर निर्माण, स्टोन मेकिंग, वन्य जीव फोटोग्राफी, मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में भूमि टिब्बा, वेश्नवी सोनी, स्नेहा चौधरी, सुहानी संद , द्वितीय पुरस्कार में प्रथम प्रजापति, निखिल मिश्रा,, आर्यन नामदेव ,भोगेश्वरी लोधी, तृतीय पुरस्कार में सोनिया पटैल , प्रियंका परते, गौरी पटेल, अर्पिता वर्मन शामिल रहे। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में डॉ सरिता पांडेय (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाट) एवं डॉ. गरिमा चौबे (प्राचार्य, नचिकेता महाविद्यालय, सूखा) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन डॉ वर्षा दुबे (विभागाध्यक्ष, जीव विज्ञान विभाग) के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन आफरीन नाज अंसारी द्वारा और आभार प्रदर्शन डॉ आरती शर्मा द्वारा किया गया।

एक नजर में

75 फुट के रावण-कुंभकरण के पुतलों का किया जाएगा दहन

नवभारत,जबलपुर। जबलपुर पंजाबी हिंदू एसोसिएशन के तत्वाधान में इस बार 74वां पंजाबी दशहरा महोत्सव सोमवार 19 अक्टूबर को मनाया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी उमेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस बार 74वां पंजाबी दशहरा शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय गौरी घाट में मनाया जाएगा। संस्कारधानी की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप इस वर्ष 75 फुट रावण कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाएगा । ततसंबंध में पंजाबी हिंदू एसोसिएशन की एक बैठक अध्यक्ष नरेंद्र पाल मालिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें वरिष्ठ सदस्य नरेश ग्रोवर , इंदर विरमानी ,राजीव ओबेरॉय, उमेश शर्मा,अंशुल मलिक ,डॉ सुनील बहल ,संजय अरोरा ,पंकज सेठी ,प्रमोद मरवाह ,भारत कपूर ,दीपक वर्मा ,सुधीर मेहता, सुशील आनंद सहित महिला समिति एवं यूथ क्लब के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे । बैठक में सभी पदाधिकारियों ने एक मतेन निर्णय लिया कि इस वर्ष पंजाबी दशहरा की आतिशबाजी बहुत ही आकर्षक रखी जाएगी जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है एवं जल्द ही समितियों का गठन भी किया जाएगा।

चरगवां से 11 को प्रारंभ होगी पांच दिवसीय पदयात्रा

नवभारत, जबलपुर। शारदेय नवरात्र पर चारगवां स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से 11 अक्टूबर को प्रात: 7 बजे भव्य पदयात्रा का शुभारंभ होगा। यह पदयात्रा पंचमी तिथि को मैहर पहुंचेगी। तत्पश्चात पहुंचकर मां जगत जननी शारदा को चुनरी समर्पित की जाएगी। पदयात्रा के संयोजकों ने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में इस पदयात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

शनिवार को होगा वनमाली सप्रे स्मृति संगीत समारोह



नवभारत, जबलपुर। शहीद स्मारक सभागृह में शनिवार 10 अक्टूबर सायं 06:30 बजे से वनमाली सप्रे स्मृति संगीत महोत्सव (तृतीय वर्ष) का कार्यक्रम रखा गया है। प्रोफेसर अखिलेश सप्रे ने बताया कि शास्त्रीय संगीत के संवर्धन, उन्नयन एवं जागरूकता की दृष्टि से आयोजन आर्ट हब संस्था के सहयोग से किया गया है। कार्यक्रम में इस वर्ष विख्यात सितार वादक असीम चौधरी (कोलकाता) का सितार वादन, उनके साथ संगत मुंबई के यशवंत वैष्णव करेगे। दुसरे कलाकार विख्यात पखावज वादक कृष्णा सालुंके (पुणे) वादन प्रस्तुत करेंगे, संगत हेतु यशवंत थिटे हार्मोनियम संगत हेतु पुणे से पधार रहे है। यह कार्यक्रम शहर के संगीत प्रेमियों के लिए विगत तीन वर्षों से हो रहा है जो संस्कारधानी के संगीत प्रेमियों को काफी भा रहा है। उल्लेखनीय है कि वनमाली सप्रे उनकी पत्नी पद्मजा सप्रे, उनके पुत्र प्रोफेसर अखिलेश सप्रे व तीनों पुत्रियां संगीत के प्रति विशेष रुचि रखती हैं एवं कई संगीत प्रेमियों को शास्त्रीय संगीत का बढ़ावा देने के लिए नि:शुल्क सलाह एवं प्रशिक्षण भी देते हैं।

फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों ने बिखेरी अपनी प्रतिभाएं

एपी नर्मदा लॉ कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन



नवभारत,जबलपुर। ए पी नर्मदा लॉ कॉलेज जबलपुर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं उनके उत्साहवर्धन के लिए भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के चेयरमैन चमन श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। फ्रेशर पार्टी के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाऐं आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व का प्रदर्शन किया। बी कॉम एल एल बी के विद्यार्थी तनय अग्रवाल को मिस्टर फ्रेशर तथा एल एल बी की छात्रा परी गुप्ता को मिस फ्रेशर चुना गया।

वहीं सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा का खिताब एल एल बी के विद्यार्थी करण सिंह ठाकुर एवं अनित वाहनी को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में विधि महाविद्यालय की विभागध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव सहित डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव डॉ सोनल खरे, विजय तिवारी एवं आकांक्षा मिश्रा की उपस्थिति रही। वहीं कार्यक्रम के सफल आयोजन में छात्र समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। छात्र समन्वयक के रूप में ईशिका, स्नेहा, राज, अर्णव, अनस, आर्यन मिश्रा युवराज, अक्षत प्रजापति एवं आर्यन चौधरी ने कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों में सहयोग प्रदान किया।

प्रभु येसु से की गई प्रार्थना व्यर्थ नहीं होती है : फादर भूषण पॉल



बालक येसु की वार्षिक भक्ति के 29 वें महोत्सव में नवीना प्रार्थना का छठवां दिवस

नवभारत,जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर के होली ट्रिनिटी चर्च नेपियर टाउन में मध्यप्रदेश के एकमात्र बालक येसु के पवित्र तीर्थस्थल में बालक येसु की वार्षिक भक्ति के 29 वें महोत्सव के तारतम्य में नौदिवसीय प्रार्थना के छठवें दिवस डॉन बॉस्को युवा सदन के रेक्टर श्रद्धेय फादर भूषण पॉल के करकमलों से पावन खीस्तयाग अर्पित किया गया। इस अवसर पर फादर भूषण पॉल ने प्रवचन की अमृतवर्षा करते हुए कहा कि

हमारे जीवन में ऐसी कई समस्याएं,परेशानी ,कष्ट और पीड़ा होती है जिसे हम दूसरों को नहीं बताना चाहते हैं लेकिन हम बालक येसु की शरण में आकर उनको अपनी सभी समस्याओं और दु:खों को सुनाते हैं क्योंकि हम जानते हैं कि वे विश्वसनीय और निष्ठावान ईश्वर हैं । प्रभु येसु कहते हैं मैने तुम्हें नहीं भुलाया है, मै सदैव तुमको स्मरण रखता हूं। प्रभु येसु हमारा मनोबल बढ़ाते हैं और हमको सच्ची सांत्वना प्रदान करते हैं। उनकी भक्ति से हमारे जीवन में कोई अड़चन और रुकावट नहीं आयेगी। इस अवसर पर डॉन बॉस्को युवा सदन,तिलहरी की गायन मंडली ने सुमधुर स्वर से बालक येसु की स्तुति करने में विश्वासियों का सहयोग किया।प्रभु येसु से की गई प्रार्थना व्यर्थ नहीं होती है।

10 अक्टूबर को की जाएगी अराधना

10 अक्टूबर तक प्रतिदिन संध्या 6 बजे से बालक येसु के आदर में पावन खीस्तयाग, नवीना प्रार्थना तथा आराधना की जायेगी। वर्तमान में बालक येसु के पावन तीर्थस्थल की नयनाभिराम साज सज्जा की गई है। बालक येसु के भक्त पवित्र दीप में तेल डालकर अपनी मन्नतें तथा प्रार्थना कर रहे थे। इस धार्मिक समारोह में सभी खीस्तीय विश्वासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर ईश्वरीय आशीष तथा कृपा पाने की अपील पल्ली पुरोहित फादर जॉन वॉल्टर खालको तथा बालक येसु महोत्सव समिति ने की है।

ग्यारहवीं शरीफ का आखिरी उर्स मेला आज



अमन, मोहब्बत और इंसानियत का पैग़ाम देगा सूफ़ी संत सम्मेलन

नवभारत,जबलपुर। मदन महल पहाड़ी स्थित हज़रत पीराने पीर की दरगाह शरीफ में जुमेरात को ग्यारहवीं शरीफ का आख़िरी उर्स मेला अकीदत और पारंपरिक अंदाज़ में आयोजित किया जाएगा। मेले का एहतेमाम मुतवल्ली सैयद क़ादिर अली कादरी की क़यादत में होगा। इस मौके पर सज्जादानशीन सूफ़ी मुबारक कादरी, निज़ाम कादरी, आफ़ताब कादरी, सलामत कादरी, असगर कादरी, जवाहर कादरी, शराफत कादरी, अफ़ज़ल कादरी, आशु कादरी सहित अन्य जायरीन की ओर से परंपरानुसार चादरें शरीफ़ पेश की जाएंगी। सज्जादानशीन खलीफा इनायत कादरी ने बताया कि उर्स मेले में स्थानीय सहित दूर-दराज़ इलाक़ों से बड़ी संख्या में जायरीन दरगाह शरीफ पहुंचकर हाज़िरी देंगे और नज़र-ओ-नियाज़ पेश करेंगे।

नमाज़-ए-ज़ुहर के बाद जल्सागाह में सूफ़ी संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सूफ़ी मुबारक की निगरानी में आयोजित सम्मेलन में शहर और आसपास की विभिन्न दरगाहों के सूफ़ी संत हज़रात शिरकत करेंगे तथा अमन, मोहब्बत और इंसानियत के पैग़ाम पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

शानदार सजावट से सजी दरगाह शरीफ

उर्स मेले के अवसर पर दरगाह शरीफ को आकर्षक रूप से सजाया गया है। परिसर को कृत्रिम पुष्पों और विद्युत लाइटों से सजाकर खूबसूरत एवं रोशन माहौल तैयार किया गया है। मेले को लेकर जायरीन में उत्साह का माहौल है।



उपासकों ने बुद्ध और धम्म गीतों की दीं प्रस्तुतियां

नवभारत, जबलपुर। विश्वदीप बुद्ध विहार रामपुर में उपासक एवं उपासिकाओं की बुद्ध एवं डॉ. आम्बेडकर की गीत प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें उपासिकाओं नें विश्वगुरू तथागत गौतम बुद्ध का उपवास रखा। कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्ष वन्दना गायकवाड, सचिव अनिता काम्बले में तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ. बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर मोमबत्ती एवं अगरबत्ती प्रज्वलित की और पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपासक एवं उपासिकाओं ने बुद्ध और धम्म गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में सचिव वन्दना गायकवाड, अनिता काम्बले, वन्दना गायकवाड, अनिता काम्बले, कृपा खरे, मीना खापर्डे, निधी तंभाने सुजाता इंगले, वीरेन्द्र बौद्ध, टी. डी. हुमने, सुरेन्द्र इंगले, नीलेश सोमकुंवर आदि की उपस्थिति रही।

कैडेट्स के कंधों पर रैंक लगाकर दी गई शुभकामनाएं

नचिकेता कॉलेज में एनसीसी पिपिंग सेरेमनी का आयोजन



नवभारत,जबलपुर। नचिकेता कॉलेज, विजयनगर, जबलपुर में बुधवार को एनसीसी पिपिंग सेरेमनी का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह में 1 एमपी बटालियन एनसीसी के कर्नल नितिन शर्मा एवं सूबेदार नारायण दास की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ कर्नल नितिन शर्मा एवं सूबेदार नारायण दास दीप प्रज्वल करके किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की एनसीसी यूनिट के कैडेट्स को विभिन्न रैंक प्रदान की गईं। अधिकारियों एवं कॉलेज प्रशासन द्वारा कैडेट्स के कंधों पर रैंक लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी गईं। रैंक प्राप्त करने वाले कैडेट्स में उत्साह और गर्व का माहौल रहा। इस अवसर पर कर्नल नितिन शर्मा ने कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. पी. आर. चंद्रा ने रैंक प्राप्त करने वाले सभी कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रजिस्ट्रार आर. एस. चंदेल ने भी कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीटीओ शेख साहिल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

बैठक | वीयू में कुलगुरु ने अधिकारियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

विवि की कार्यप्रणाली को बनाएं सुदृढ़ , विद्यार्थियों को मुहैया हों बेहतर सुविधाएं



नवभारत,जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा ने बुधवार को सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता तथा विश्वविद्यालय के

निदेशकों एवं अधिकारियों की एक बैठक बुलाई और फिर बैठक में सभी को नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ के मद्देनजर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रशासनिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु निर्देश दिए। गौरतलब है की नवीन शैक्षणिक सत्र में वेटरनरी के सभी महाविद्यालयों की सीट फुल हो चुकी हैं तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में भी खासी रुचि के साथ छात्र - छात्राओं ने प्रवेश लिया है।

बैठक में नवीन सत्र की तैयारियों सहित विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाने, विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करने से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रत्येक गतिविधि का केंद्र विद्यार्थी होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्णय एवं कार्यवाही विद्यार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ की जाए तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं, सुविधाओं और समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

ये रहे उपस्थित

बैठक में शिक्षण एवं अनुसंधान को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया। कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ-साथ नवाचार एवं समस्या-आधारित अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। बैठक में कुल सचिव डॉ राखी वैश्य, डॉ राजेश शर्मा, डॉ तोमर ,डॉ मधु स्वामी ,डॉ सुनील नायक, डॉ एसके महाजन डॉ रणविजय सिंह, विजय तिर्की, डॉ दास, डॉ सुदिप्ता घोष, डॉ पूनम शाक्य,डॉ अक्षय गर्ग, डॉ सोना दुबे, डॉ रामकिंकर मिश्रा, डॉ आरपी सिंह,श्रीपंकज पटेरिया, निधि भलावी उपस्थित रहे तथा ऑनलाइन माध्यम से अधिष्ठाता रीवा डॉ सिंह,अधिष्ठाता महू तथा डीएसडब्ल्यू डॉ आदित्य मिश्रा जुड़े रहे।

मेरी मां के बराबर कोई नहीं . . .

यारों की यारियाँ परिवार द्वारा भव्य माता की चौकी का आयोजन



नवभारत,जबलपुर। यारों की यारियाँ परिवार द्वारा कचनार क्लब, विजयनगर में भव्य 'माता की चौकी' एवं धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर माँ जगदंबा के दरबार को आकर्षक रूप से सजाया गया, जहाँ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शीश नवाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। समिति के सदस्य दीपक मंगलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन-अर्चन और माँ भगवती की पावन ज्योत प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद ख्यातिप्राप्त भजन गायक नयन राजेश कपूर ने सुमधुर देवी गीतों और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। 'चलो बुलावा आया है' और 'मेरी माँ के बराबर कोई नहीं' जैसे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। भजनों के साथ-साथ प्रस्तुत सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी

इस धार्मिक अनुष्ठान में शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और सामाजिक हस्तियों ने सहभागिता की। मुख्य रूप से विधायक अभिलाष पांडेय, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पंकज दुबे, कमलेश अग्रवाल, संदीप रजक, शरद अग्रवाल, मनीष जैन, नरेश चौधरी एवं भरत कुम्भारे विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने माँ जगदंबा की आरती कर शहर की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के दीपक मंगलानी, कमल विमनानी, अजीत सचदेव, राज तोलानी, वीरेंद्र ज्ञानचंदानी, लालू गिदवानी, विक्की मंछानी, विनय अग्रवाल, सनी बारानी, विनय मिनोचा, दिनेश छाबड़ा, सन्नी सावलानी, अनिल साधवानी की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में महाआरती के बाद उपस्थित जनसमूह में माता का पावन प्रसाद वितरित किया गया।